स्नातक उपाधि कार्यक्रम
(बी.डी.पी.)
सत्रांत परीक्षा
दिसम्बर, 2022

बी.एच.डी.एफ.-101 : हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

1. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए : *2×2=4*

(क) अपने पैरों खड़ा होना

(ख) मन में लड्डू फूटना

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** शब्दों में समास की पहचान कीजिए : *4×1=4*

हार-जीत, पीतांबर, राजपुत्र, देशभक्ति, माता-पिता, शत्रुहंता, जितेन्द्रिय, वीणापाणि ।

3. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए : *10*

(क) समाज और साहित्य

(ख) पर्यावरण सुरक्षा

(ग) स्वच्छता का महत्त्व

(घ) पर्यटन का सुख

4. खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अवकाश हेतु प्राचार्य के नाम एक आवेदन-पत्र तैयार कीजिए । *6*

5. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

सिद्धांतों की जितनी भारी गठरी लेकर हम अपने कर्मक्षेत्र के द्वार तक पहुँचते हैं, उतना भारी बोझ लेकर कदाचित् ही किसी अन्य देश के व्यक्ति को पहुँचना पड़ता हो, परंतु फिर भी कार्यक्षेत्र में हमीं सबसे अधिक निष्क्रिय प्रमाणित होंगे । कारण, हम अपने सिद्धांतों को उपयोग से बचा-बचाकर इसी प्रकार रखने में उद्देश्य की सिद्धि समझ लेते हैं, जिस प्रकार धन को व्यय से बचाकर रखने वाले कृपण उसके संचय में ही अपने उद्योग की चरम सफलता देखते हैं ।

(क) 'कृपण' शब्द का विस्तृत आशय स्पष्ट कीजिए । *4*

(ख) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए : *4×1=4*

गठरी, निष्क्रिय, संचय, उद्योग ।

(ग) भारतीय लोग कर्मक्षेत्र के द्वार तक क्या लेकर पहुँचते हैं ? *1*

(घ) भारतीय लोग किसमें उद्देश्य की सिद्धि समझते हैं ? *1*

6. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** पारिभाषिक शब्दों का अर्थ लिखिए : *3×2=6*

(क) भूगर्भ

(ख) वायुमंडल

(ग) अध्यादेश

(घ) विधेयक

(ङ) औद्योगीकरण

(च) पितृसत्तात्मक

7. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 – 200 शब्दों में लिखिए : *2×5=10*

(क) 'बहुत बड़ा सवाल' की अंतर्वस्तु स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'जूठन' आत्मकथा के शीर्षक की प्रासंगिकता पर विचार कीजिए ।

(ग) हिन्दी कविता में सूरदास के महत्त्व पर प्रकाश डालिए ।

(घ) 'मैं नीर भरी दु:ख की बदली' कविता के भाव पक्ष पर प्रकाश डालिए ।